# -:प्रेस नोट:-

## दिनांक- 03.09.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना जसपुरा पुलिस द्वारा अपहृत युवक को 24 घण्टों के भीतर किया गया सकुशल बरामद । घटना में शामिल 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद ।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 03.09.2025 को थाना जस्पुरा पुलिस द्वारा युवक का अपहरण करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया । गौरतलब हो कि थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम गौरीकला के रहने वाले शिवशंकर पाल ने दिनांक 03.09.2025 को अपने 20 वर्षीय पुत्र के दिनांक 02.09.2025 की शाम ग्राम में आयोजित मेले में आपसी विवाद के दौरान भानू यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुत्र का अपहरण करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था । जिस पर थाना जसपुरा पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए युवक की सकुशल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे । जिसके क्रम में आज दिनांक 03.09.2025 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा अपहृत युवक को 24 घण्टों के भीतर सकुशल बरामद करते हुए घटना में शामिल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि घटना में शामिल 01 अभियुक्त अभी भी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है ।

**बरामदगी-**

- 01 कार (घटना में प्रयुक्त) ।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. निर्भय तिवारी पुत्र राममूरत तिवारी निवासी कस्बा सुमेरपुर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर ।
2. अजय तिवारी पुत्र राममूरत तिवारी निवासी कस्बा सुमेरपुर थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर ।
3. सिद्धार्थ सिंह उर्फ बजरंगी पुत्र सहदेव निवासी कस्बा जसपुरा थाना जसपुरा जनपद बांदा ।

**फरार/वांछित अभियुक्त-**

1. भानू यादव पुत्र कमल यादव निवासी ग्राम बहुण्डरी थाना जसपुरा जनपद बांदा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 122/25 धारा 140(1) बीएनएस थाना जसपुरा जनपद बांदा ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. थाना प्रभारी जसपुरा श्री अनिल कुमार
2. उ0नि0 श्री दिलीप कुमार यादव
3. उ0नि0 श्री प्रवेश कुमार
4. उ0नि0 श्री आकाश
5. कां0 गौरव परिहार
6. कां0 किशन पटेल
7. कां0 विक्रम